
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:15 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 19 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 3 जुलाई 2026

अभिनेत्रियों की घटती भूमिका...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सांझ ढलने के बाद नैनीताल में बरसा हल्का रिमझिम पानी

**नैनीताल** । नैनीताल में बीरवार को सांझ ढलने के बाद हल्की रिमझिम बारिश शुरू हुई जबकि दिनमान भर घने बादल आसमान में छाए रहे।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार (आज) को मानसून की यह बारिश की संभावना बनी रहेगी। नगर में बीती रात खासा पानी बरसा है जो सुबह यह जारी रही। इस बीच 29 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। दिन में बारिश नहीं होने से उमस वाली गर्मी महसूस हुई। शाम को अचानक 7.15 बजे हल्की रिमझिम वर्षा शुरू हो गई। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग देहरादून के अनुसार अगले दो चार वर्ष की संभावना बनी रहेगी। मानसून के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

### सड़क पर मचा बवाल, पत्नी ने पति की चप्पलों से कर दी पिटाई

**हल्द्वानी**। पति ओर पत्नी का एक मामला प्रकाश में आया है पति, पत्नी और वो का हाई-वोल्टेज ड्रामा उस वक्त सड़क पर आ गया, जब एक महिला ने अपने पति को कथित तौर पर दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। शक जब यकीन में बदला तो गुस्से का ऐसा विस्फोट हुआ कि मौके पर जमकर हंगामा हुआ और पत्नी ने बच्चों के साथ मिलकर पति की चप्पलों से पिटाई कर दी। तमाशा देखने के लिए भारी भीड़ जुट गई, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। मुखानी क्षेत्र से सामने आए इस मामले ने इलाके में खूब चर्चा बटोरी। मुखानी क्षेत्र निवासी एक महिला को लंबे समय से अपने पति पर दूसरी महिला के साथ संबंध होने का शक था। बताया जा रहा है कि पति परिवार से अलग एक अन्य मकान में रह रहा था। देर शाम महिला को सूचना मिली कि उसका पति उक्त मकान में मौजूद है। सूचना मिलते ही महिला अपने बच्चों के साथ मौके पर पहुंच गई।

# आफत: हिमाचल में फिर बादल फटा, मलबे से पटा हाईवे

**हिमाचल**
हमारे संवाददाता

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के चोलिंग क्षेत्र में शुक्रवार तड़के बादल फटने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी मात्रा में मलबा आ गया। घटना में दो वाहन मलबे में दब गए, जबकि उनमें सवार लोग सुरक्षित बच गए।

वाहनों में रखा कुछ सामान बह गया। सूचना मिलते ही प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं और पोकलेन मशीनों की मदद से मलबा हटाया और एनएच को बहाल कर दिया गया है। किन्नौर जिले के चोलिंग क्षेत्र में





शुक्रवार तड़के बादल फटने से भारी तबाही मच गई। घटना के बाद भारी मात्रा में मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार दो वाहन मलबे में दब गए हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों वाहनों में सवार लोग सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि वाहनों में रखा कुछ सामान मलबे और तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। राष्ट्रीय राजमार्ग से मलबा हटाने और स्थिति का आकलन करने का कार्य जारी है। पोकलेन मशीनों की मदद से मलबे में दबे वाहनों को निकालने की कवायद की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से मौसम को देखते हुए सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। राहत की खबर ये है कि बादल फटने और भारी मलबा आने से बाधित हुआ शिमला-किन्नौर राष्ट्रीय राजमार्ग-5 (NH-5) चोलिंग के पास बहाल कर दिया गया है।

### मानसून के दौरान सभी अधिकारी व कर्मी रहें अलर्ट :डीएम रयाल

**नैनीताल** । नैनीताल जिले में मानसून सक्रिय होने तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा समय-समय पर भारी वर्षा एवं प्रतिकूल मौसम की चेतावनी जारी किए जाने के दृष्टिगत जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। बता दें संभावित आपदाओं से जन धन की सुरक्षा तथा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ललित मोहन रयाल ने समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

बंद कमरे में बैंक कर्मचारियों से पूछताछ जारी

# चढ़ावा चोरी: राम जन्मभूमि परिसर में फिर पहुंची एसआईटी

**नई दिल्ली/अयोध्या**
एजेंसी

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच तेज हो गई है। विशेष जांच दल ने मंदिर परिसर पहुंचकर बैंक कर्मचारियों से बंद कमरे में पूछताछ की और ऑडिट से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। पांच वर्षों के वित्तीय रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस भी साक्ष्य जुटाकर मामले की विस्तृत जांच में लगी है।

अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर से जुड़े मामले की जांच तेज हो गई है। एसआईटी की टीम शुक्रवार सुबह गेस्ट हाउस से राम जन्मभूमि परिसर के लिए रवाना हुई। जांच के तहत आज भी परिसर में पूछताछ का दौर जारी रहेगा। स्क्वाड ने मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल के लिए बैंक कर्मचारियों को भी तलब किया है। बैंक कर्मचारियों से बंद कमरे में पूछताछ जारी है। टीम वित्तीय लेनदेन और अन्य दस्तावेजों से संबंधित पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर




आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच के लिए बृहस्पतिवार को एसआईटी अयोध्या पहुंची थी। ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा व गोपाल राव से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। टीम ने चढ़ावे के ऑडिट से जुड़े दस्तावेज कब्जे में लिए और पदाधिकारियों से इससे जुड़े सवाल पूछे।

सूत्रों के अनुसार पूछताछ में कई सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं मिले जिससे आने वाले दिनों में पूछताछ का दायरा और बढ़ेगा। वहीं, पुलिस की आपराधिक जांच भी जारी है। इससे इन सभी पर अब पुलिस और एसआईटी का दोहरा शिकंजा कसेगा। छह जून को चढ़ावा चोरी का मामला उजागर होने के बाद 13 जून को गठित एसआईटी ने 23 जून को अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट गृह विभाग को सौंप दी है। अब दूसरे चरण में एसआईटी वित्तीय गड़बड़ियों का पूरा खेल उजागर करने के लिए ट्रस्ट के पांच साल के ऑडिट का ऑडिट कर रही है। एसआईटी ने ट्रस्ट से अब तक हुए ऑडिट का पूरा लेखा-जोखा मांगा है, लेकिन कुछ ब्योरा अब भी नहीं मिला है।

# रॉन्ग साइड से आए बेकाबू ट्रक की टक्कर में बाइक बनी आग का गोला, छात्र की मौत, दूसरा गंभीर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर गोरापड़ाव क्षेत्र में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार और लापरवाही का खौफनाक नजारा देखने को मिला, जब कथित तौर पर रॉन्ग साइड से आ रहे एक बेकाबू ट्रक (कैंटर) ने बाइक सवार दो छात्रों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सड़क पर गिरते ही आग की लपटों में घिर गई और कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जलकर राख हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक हल्द्वानी की ओर से गलत दिशा में लालकुआं की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान गोरापड़ाव पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही बाइक संख्या यूके-04 टी-1532 से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जोरदार टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और बाइक में अचानक आग लग गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने साहस और मानवता का परिचय देते हुए बिना देर किए दोनों घायलों को बाहर निकाला। बनभूलपुरा निवासी रऊफ अंसारी ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायलों को तत्काल सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। घायलों की पहचान लालकुआं वार्ड नंबर 4 निवासी 20 वर्षीय अयान खान पुत्र शमशेर खान तथा सिद्धार्थ सिंह पुत्र वीर सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों कॉलेज छात्र थे और किसी काम से लालकुआं से हल्द्वानी आ रहे थे। अस्पताल में उपचार के दौरान सिद्धार्थ सिंह ने दम तोड़ दिया, जबकि अयान खान की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराया तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रक के रॉन्ग साइड से आने की बात सामने आई है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।पुलिस ने सिद्धार्थ के शव पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम करा कर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना से छात्रों और मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# नाबालिग छात्रा, जेवर व नकदी लेकर युवक संग फरार होने की आशंका

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर में एक नाबालिग छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री को एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

स्वामी विहार, गोजाजाली उत्तर निवासी फहद खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 जुलाई की सुबह करीब 6:45 बजे उन्होंने अपनी पुत्री हुदा खान को तिकोनिया स्थित स्कूल के गेट पर छोड़ा था। लेकिन दोपहर 3:15 बजे स्कूल की छुट्टी के समय जब वह उसे लेने पहुंचे तो पता चला कि उनकी पुत्री उस दिन विद्यालय पहुंची ही नहीं थी। परिजनों द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराने पर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। फुटेज में कथित तौर पर एक अज्ञात युवक नाबालिग छात्रा को नीले रंग की स्कूटी पर अपने साथ ले जाता दिखाई दिया। स्कूटी संख्या एम पी-15 एम आर 0436 बताया गया है। परिजनों के अनुसार छात्रा घर से अपनी माता के सोने के जेवरात—चार कड़े, दो हार, एक चैन, दो जोड़ी झुमके, छह अंगूठियां—साथ ही करीब 10 हजार रुपये नकद और कुछ कपड़े भी लेकर गई है। इससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है।

### हादसा: सोनमर्ग सुरंग के पास सीआरपीएफ वाहन दुर्घटनाग्रस्त, छह जवान घायल

**जम्मू, एजेंसी**। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को सोनमर्ग सुरंग के पास सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन में सवार छह सीआरपीएफ जवान घायल हो गए।

अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग सुरंग के निकट वाहन अचानक सड़क से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद टीम ने सभी घायल जवानों को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद सभी घायलों को आगे के इलाज के लिए गंड स्थित सीआरपीएफ कैंप में भेजा गया। फिलहाल सभी जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# हल्द्वानी-रामनगर हाईवे पर सड़क हादसा, युवक की मौत

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी-रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कालाढूंगी के पास गेबुआ क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

हल्द्वानी-रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कालाढूंगी के निकट गेबुआ क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए रामनगर अस्पताल भिजवाया। बेलपड़ाव चौकी प्रभारी राजवीर सिंह नेगी ने बताया कि



शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे पदमपुर डोलिया निवासी कमलेश आर्य (32) पुत्र गोपाल राम अपनी बाइक (यूके04 सीजी 5767) से कमोला निवासी बसंती थापा के साथ कालाढूंगी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान कालाढूंगी की ओर से जा रहे डंपर (यूके04 सीसी 5918) से उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को रामनगर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने कमलेश आर्य को मृत घोषित कर दिया, जबकि बसंती थापा का उपचार जारी है।

# जनपद में मानसून आपदा मॉक ड्रिल आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से जनपद नैनीताल में गुरुवार को पांच स्थानों पर व्यापक मानसून आपदा मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के दौरान भूस्खलनए बाढ़ एवं सड़क बाधित होने जैसी काल्पनिक आपदा परिस्थितियां तैयार कर विभिन्न विभागों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया।




जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला आपदा परिचालन केंद्र से सभी स्थलों पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉक ड्रिल की शुरुआत में प्रातः जिला आपदा परिचालन केंद्र को नैनीताल के आलमा कॉटिज क्षेत्र में भारी मलबा गिरनेए बेतालघाट के बर्धो क्षेत्र में काली पहाड़ी से भूस्खलन होने एवं शहीद बलवंत सिंह मोटर मार्ग बंद होने, कालाढूंगी स्थित निहाल नदी पर मोटर पुल क्षतिग्रस्त होने, हल्द्वानी के गौलापार क्षेत्र में गौला नदी में भू.कटाव तथा लालकुआं क्षेत्र में गौला नदी में बाढ़ आने की काल्पनिक सूचनाएं प्राप्त हुईं। इसके बाद तत्काल आईआरएस प्रणाली सक्रिय कर पुलिस, एसडीआरएफ , स्वास्थ्य, अग्निशमन, लोक निर्माण, सिंचाई, पेयजल तथा अन्य विभागों की टीमें संबंधित स्थलों के लिए रवाना की गईं और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कराया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मॉक ड्रिल की तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कुमाऊं मंडलायुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला आपदा परिचालन केंद्र से सभी पांचों स्थलों पर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान हल्द्वानी तहसील के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान गौला नदी के तेज बहाव में लोगों के फंसे होने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस व अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर सभी लोगों का सुरक्षित रेस्यू किया तथा घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से सुशीला तिवारी चिकित्सालय भेजने का अभ्यास किया गया।

इसी प्रकार लालकुआं में बिंदुखत्ता क्षेत्र कालाढूंगी के निहाल नाले तथा बेतालघाट के बर्धो स्थित काली पहाड़ी क्षेत्र में भी राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के समापन पर आयोजित डीब्रीफिंग सत्र में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। मॉक ड्रिल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, विभिन्न उपजिलाधिकारी तथा पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन, लोक निर्माण, सिंचाई व अग्निशमन एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मॉकड्रिल देखने जा रहे किशोर की कोसी में डूबने से मौत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के बेतालघाट क्षेत्र में आयोजित आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल के दौरान एक दुखद दुर्घटना में 17 वर्षीय किशोर की कोसी नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब किशोर मॉकड्रिल देखने के लिए नदी पार कर रहा था लेकिन वह संतुलन बिगड़ने से नदी में गिर कर बह गया। मौके पर मौजूद एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल खोज एवं बचाव अभियान चलाया और किशोर को बरामद कर चिकित्सालय ले गये लेकिन चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बेतालघाट विकासखंड के शहीद बलवंत सिंह भुजान बर्धो मोटर मार्ग स्थित काली पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ तथा अन्य विभागों द्वारा आपदा प्रबंधन संबंधी मॉकड्रिल आयोजित की जा रही थी। राहत एवं बचाव कार्यों का अभयास किया जा रहा था तथा घायलों के उपचार के लिए अस्थायी राहत केंद्र भी बनाया गया था। इसी दौरान कोसी नदी के पार स्थित सिमलखा गांव निवासी विशाल सिंह (17) पुत्र आनंद सिंह मॉकड्रिल देखने के लिए कार्यक्रम स्थल की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि नदी पार करते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचायाए जिसके बाद मॉकड्रिल वास्तविक बचाव अभियान में बदल गई।

मौके पर मौजूद एसडीआरएफ के जवान तत्काल नदी में उतरे और खोज अभियान शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद लगभग 800 मीटर नीचे बहकर पहुंचे किशोर को नदी से बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। किशोर की असामयिक मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।



# बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने कुमाऊं आयुक्त से की मुलाकात

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल बार एसोसिएशन नैनीताल के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात कर उन्हें न्यायालय से जुड़ी विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं एवं के साथ ही नगर में बढ़ती यातायात जाम की समस्या से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि लगातार लगने वाले जाम के कारण अधिवक्ताओं वादकारियों और न्यायालय आने वाले लोगों को समय पर पहुंचने में कठिनाई होती है जिससे लगातार न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं प्रतिनिधिमंडल ने जाम की समस्याओं की समस्या के समाधान को लेकर अपने सुझाव भी आयुक्त के सामने रखे इसके साथ ही न्यायालय परिसर से जुड़ी प्रशासनिक समस्याओं के निराकरण की मांग भी प्रतिनिधिमंडल ने करी कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान का आश्वासन बार संघ पदाधिकारियों को दिया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष कमल सुयाल, उपसचिव नीरज गोस्वामी, राकेश सुयाल, दयाकिशन पोखरिया, शिवांशु जोशी,नवीन भट्ट, मुकेश कुमार, सरिता बिष्ट एवं जया आर्या सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# यूपी के युवक समेत 4 लोगों पर युवती की शिकायत पर दुष्कर्म व धोखाधड़ी का मुकदमा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल निवासी एक युवती की शिकायत पर उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद के एक युवक सहित चार लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म, धोखाधड़ी, जबरन धनराशि वसूलने तथा जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। न्यायालय के आदेश पर तल्लीताल कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नैनीताल निवासी युवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद की धामपुर तहसील निवासी पीयूष श्रीवास्तव ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा धोखाधड़ी कर उसका उत्पीडन् किया। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपित और उसके परिजनों ने उससे जबरन धनराशि वसूली तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के निर्देश के बाद तल्लीताल कोतवाली पुलिस ने पीयूष श्रीवास्तव, उसके पिता गिरीश श्रीवास्तव तथा माता साधना श्रीवास्तव तथा वीरेंद्र चौधरी के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मामला लगभग दो वर्ष पुराना बताया जा रहा है और इसकी परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है। तल्लीताल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत दुष्कर्म, धोखाधड़ी, जानबूझकर अपमान, आपराधिक धमकी तथा अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण न्यायालय के आदेश पर पंजीकृत किया गया है। विवेचना के दौरान मौजूद साक्ष्यों, दस्तावेजों तथा संबंधित पक्षों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## NEWS / फटाफट

### गीता का अनुश्रवण कलयुग मे मानव कल्याण के लिये



हल्द्वानी। हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा भगवानपुर ब्लॉक के शिवालिक कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में चतुर्थ दिवस की कथा में श्री कृष्ण जन्म की कथा हुई, जिसमें भव्य जन्मउत्सव मनाया गया। कथा व्यास राजेन्द्र तिवाड़ी द्वारा कहा कि श्रीकृष्ण ने महाभारत में जो गीता अर्जुन को सुनाई वो वास्तव में कलयुग के लिए सुनाई गई। जिसका अनुश्रवण कलयुग में मानव कल्याण के लिए हो, आज कथा में भक्त प्रह्लाद, श्री राम जन्म एवं श्री कृष्ण जन्म तक की कथा हुई। व्यास जी ने कहा कि भक्त यदि प्रह्लाद हो तो भगवान खम्भ में भी प्रगट हो जाते है कथा में श्रीकृष्ण जन्म में वासुदेव द्वारा श्रीकृष्ण जी को नंदगांव ले जाने की भव्य झांकी प्रस्तुत की वासुदेव जी का किरदार ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा किया गया, जिसे भक्तों ने खूब सराहा। जजमान के रूप में कैलाश चंद्र पांडे,हिमानी पांडे, डूंगर सिंह तौलिया,प्रभा तौलिया जी बैठे पूजन कार्य आचार्य संतोष जोशी, कमल जोशी, हेम पांडे, कमलेश पांडे विशाल आदि विद्वानों ने सम्पन्न कराया। आज श्रीकृष्ण जन्म पर छपनभोग का प्रसाद च ?ाया गया हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली ,कोषाध्यक्ष हेम पंत, मुख्य सलाहकार प्रकाश जोशी, मीडिया प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे,शंकर रूवाली, पारश रूवाली, भरत गुणवंत, तन्मय गुणवंत सहित भगवानपुर के पूरन चंद्र सती, बी सी जोशी, योगेश जोशी, राजेन्द्र प्रसाद पांडे सहित सैकड़ों महिलाएं भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

### हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के समझौते पर कार्यवाही को किया रद्द

नैनीताल । हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपों के संबंध में भतरौंजखान थाने में नंदन सिंह रावत के खिलाफ दर्ज एफ आईआर और उसके बाद की सभी अदालती कार्यवाहियों को दोनों पक्षों में हुए समझौते के आधार पर रद् कर दिया है। मामले की सुनवाई में न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकल पीठ में हुई। पीठ ने माना कि जब दोनों पक्ष विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा चुके हैं तो आपराधिक कार्यवाही जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

### विस सचिवालय से बर्खास्त कर्मियों के मामले में सुनवाई 16 को

नैनीताल । हाईकोर्ट ने विधान सभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान बर्खास्त कर्मचारियों की तरफ से कहा गया कि उनकी नियुक्ति वैध है। विधानसभा के अध्यक्ष को नियुक्ति करने का अधिकार है। विधान सभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि जितनी भी अवैध नियुक्तियां की गई थी विधान सभा ने उन्हें नियमों के तहत हटाया गया है जो नियुक्तियां की गई बिना नियमावली के ध्यान में रखते हुए की गई थी । विधान सभा के अध्यक्ष को नियुक्ति करने का कोई अधिकार नही है। बिना विज्ञप्ति जारी किए 228 कर्मचारियों को सचिवालय में नौकरी दे दी। जिसपर कोर्ट ने सुनवाई को जारी रखते हुए अगली सुनवाई हेतु 16 जुलाई( बीरवार) की तिथि नियत की है। बीरवार को बर्खास्त कर्मचारियों की ओर सर्वोच्च न्यायलय के वरिष्ठ अधिवक्ता देव दत्त कामत, वरिष्ठ अधिवक्ता वीबीएस नेगी, केपी उपाध्याय और रविन्द्र बिष्ट ने पैरवी की।

### याचिकाकर्ता डीएम को नया प्रत्यावेदन दें:हाईकोर्ट

नैनीताल। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश दिए जाने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्गों, राजकीय राजमार्गो, चिकित्साल्यों व शिक्षण संस्थानों और आवासीय क्षेत्रों के निकट संचालित शराब की दुकानों को तत्काल/ अन्यत्र स्थानों पर स्थानांतरित करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।
मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि वे इस संबंध में जहां जहाँ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विपरीत शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं उस जिले के जिलाधिकारी को फि र से एक नया प्रत्यावेदन दें। जिलाधिकारी 6 सप्ताह के भीतर उस पर सुनवाई करते हुए विधि अनुसार निर्णय लें।

# उपनल कर्मियों के नियमितिकरण व वेतन के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षो से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नहीं करने और उन्हें चयनित वेतनमान नही दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की।

बीरवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट के सामने 1 जुलाई 2026 का शासनादेश पेश किया गया जिसमें कहा गया कि राज्य सरकार ने इन्हें नियमित करने के लिए कट ऑफ डेट 2018 से बढ़ाकर 15 अक्टूबर 2024 कर दी है और जो भी कर्मचारी इसमें आएंगे वे समान कार्य समान वेतन पाने के हकदार होंगे। इसका लाभ उन्हें 1 मार्च 2026 से दिया जाएगा, साथ में सरकार की तरफ से 3 फ रवरी 2026 के आदेश भी पेश किया गया जिसमें कहा गया है कि ये कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की सेवा शर्तों की भांति अन्य लाभों की मांग नहीं करेंगे जो नियुक्ति होगी वह संविदा के आधार पर होगी। इस पर कोर्ट ने सरकार से स्पस्टीकरण पेश करने को कहा है। जिस पर सरकार ने कोर्ट से एक सप्ताह का समय देने की मांग की गई जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 9 जुलाई (बीरवार) की तिथि नियत की है बीरवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि पहले इन्हें न्यूनतम वेतनमान दिया जाय।

बता दें कि उपनल कर्मचारी संघ ने उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि नवंबर 2025 में कोर्ट की खंडपीठ द्वारा पारित आदेश का अनुपालन अभी तक राज्य सरकार ने नहीं किया जबकि कोर्ट ने अपने आदेश मे स्पष्ट किया था कि उपनल कर्मचारियों को पहले समान कार्य समान वेतन दिया जाय, उनके वेतन पर लगने वाले जीएसटी को न वसूला जाय और नियमितीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाय लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया।

# चैंपियन के अधिवक्ता ने मुकदमे को बिना आदेश हुए वापस ले लिया

नैनीताल । हाईकोर्ट ने खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के खिलाफ लकसर कोतवाली में एसटी एससी एकट की विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे को निरस्त करने और उनकी गिरफतारी पर रोक लगाए जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद चैंपियन के अधिवक्ता ने मुकदमे को बिना आदेश हुए वापस ले लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ में हुई। बीरवार को हुई सुनवाई पर पीड़ित पक्षकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व विधायक के द्वारा उन्हें फ ोन पर जाति सूचक शबदों का प्रयोग करके गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। उसका वीडियो वायरल भी किया है जिसकी वीडियो प्रति पेन ड्राइव में उनके पास मौजूद है। उसे वे न्यायलय में पेश करना चाहते हैं इनके खिलाफ 16 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## कीमती अधिकार

*सड़कों पर तेजी से दौड़ रहे वाहनों के बाद भी पैदल चलने वालों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने फुटपाथ पर चलने को लोगों का मौलिक अधिकार कई बार कहा है, लेकिन अब इस कीमती अधिकार में बाधा पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 ऐसा कानून नहीं था और न ही कभी रहा है, जो पैदल चलने वालों के मौलिक अधिकार को मान्यता देता हो। यह कानून पैदल चलने वालों के बेहद कीमती अधिकार को कमजोर करता है और रुकावट है।*

विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर हो रहे आविष्कारों से मनुष्य का जीवन सुविधाजनक होता जा रहा है। नई तकनीक से वाहनों की गति बढ़ती जा रही है। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि वाहनों के साथ जिंदगी को भी तेज रफ्तार मिली है। सड़कों पर तेजी से दौड़ रहे वाहनों के बाद भी पैदल चलने वालों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने फुटपाथ पर चलने को लोगों का मौलिक अधिकार कई बार कहा है, लेकिन अब इस कीमती अधिकार में बाधा पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 ऐसा कानून नहीं था और न ही कभी रहा है, जो पैदल चलने वालों के मौलिक अधिकार को मान्यता देता हो। यह कानून पैदल चलने वालों के बेहद कीमती अधिकार को कमजोर करता है और रुकावट है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्कूल जाते एक बच्चे की सड़क हादसे में मौत के मामले में कहा कि फुटपाथ पर चलने के अधिकार का उल्लंघन होने पर लोग जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सुधार एवं मुआवजे के लिए संवैधानिक और कानूनी उपाय अपना सकते हैं। पैदल चलने वालों का अधिकार वाहनों में आवाजाही करने वालों के अधिकार से ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पैदल चलने के अधिकार के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कानूनी ढांचा और नियामक इकाई बनाने की जरूरत है। सड़कों को विकास की जीवन रेखा माना जाता है। पिछले कुछ दशकों में ढांचागत विकास के तहत पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी से हो रहा है। हाईवे पर तेज गति से वाहन दौड़ रहे हैं। यात्रियों को सुगम और कम समय में यात्रा की सुविधा मिली है। नई तकनीक के वाहन हाईवे पर तेज गति से दौड़ते हैं। हाईवे के अतिरिक्त शहर और गांव की सड़कों पर भी वाहनों की भरमार है। चौड़ी सड़कों का निर्माण करते समय फुटपाथ नहीं बनाई जा रही है। जबकि हर सड़क के दोनों ओर फुटपाथ का प्रावधान है। जिन जगहों पर फुटपाथ हैं, वहां अतिक्रमण हो गया है। सड़क पर पैदल चलना मजबूरी हो गया है। वाहनों की टक्कर से राहगीरों की मृत्यु के मामले बढ़ते जा रहे हैं। वाहनों की संख्या में वृद्धि के बाद भी पैदल चलने वालों की संख्या कम नहीं हुई है। सरकार को फुटपाथ बनाने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के संबंध में मौलिक अधिकार का सख्ती से पालन कराने का प्रशासन को निर्देश देना होगा। मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन की जरूरत है।

# विधायक ने जी रामजी योजना कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



**रुद्रपुर** हमारे संवाददाता

गुरुवार को देशभर में 2 जुलाई से शुरू हुई वीबी जी रामजी योजना की शुरुआत हो गई। यहां विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम का रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने दीप प्रजलित कर मोदी सरकार महत्वकांशी योजना की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान विधायक का प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत अभिनंदन किया।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक जिसमें खासकर ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर श्रमिकों के उत्थान के लिए वीबी जी राम जी ( विकसित भारत - जी राम जी ) योजना को पूरे देशभर मे लागू किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों को अब 100 दिन के स्थान 125 दिन की रोजगार गारंटी दी जायेगी। भुगतान कार्य पूरा होने के 15 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से उसको भुगतान किया जायेगा। इस योजना मे केंद्र सरकार ने 95600 करोड़ का प्रावधान किया है शेष 55682 करोड़ राज्य सरकारे वाहन करेगी विधायक ने कहा कि औसत दैनिक मजदूरी को ब?ाकर 327.40 प्रति कर दिया है। ऐसे ही मजदूरी का भुगतान सीधे श्रमिकों के बैंक खाते मे काम के 7 दिन के भीतर होगा। पहले के कानून के मुकाबले किस गांव में कौन सा कार्य होगा यह निर्णय दिल्ली देहरादून के बजाय स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत द्वारा तय किया जायेगा। विधायक ने जानकारी दी रामजी योजना मे स्थायी सम्पत्ति निर्माण के तहत जल संरक्षण, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर स्कूल अस्पताल सड़क ओर आजीविका संबंधी बुनयादी ढाचे का निर्माण भी स्थानीय श्रमिकों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। जल संकट से निपटने और खेती से जुड़े छोटे कार्य को विशेष महत्व दिया जायेगा।

इस योजना की महत्वपूर्ण बात यह है अगर जी राम जी योजना मे आवेदन करने वाले श्रमिक को तय समय सीमा तक रोजगार उपलब्ध नहीं होता तो उसको बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी रखा गया है। विधायक ने महत्वपूर्ण योजना देशभर सहित उत्तराखंड रुद्रपुर मे लागू करने हेतु विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, प्रीत ग्रोवर, सीडीओ दिवेश शाशनी, डीडीओ,बीडीओ गदरपुर समेत परवेज खान, आशित कुमार,पीडी हिमांशु जोशी, हेम कांडपाल, छतरपुर प्रधान हरीश भट्ट, भगवानपुर प्रधान विनीत सोलंकी, बीडीसी राजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## नैनीताल में नशे में वाहन चलाने पर दो वाहन सीज

नैनीताल । सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत नैनीताल पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को सीज कर दिया। कार्रवाई तल्लीताल और ज्योलीकोट क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान की गई।

पुलिस के मुताबिक बीरवार को चैकिंग के दौरान तल्लीताल क्षेत्र में वाहन के चालक बाजपुर निवासी अरविंद कुमार तथा ज्योलीकोट में वाहनके चालक नीरज रौतेला शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। दोनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत ड्रिंक एंड ड्राइव की कार्रवाई करते हुए उनके वाहन सीज कर दिए गए। इसके अलावा तल्लीताल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान निजी पंजीकरण वाले वाहन का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाए जाने पर सुल्तानपुर निवासी शोएब हाशमी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर वाहन को सीज कर दिया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सीएम ने मॉक ड्रिल में अधिकारियों को दिए प्रभावी आपदा प्रबंधन के निर्देश

**रुद्रपुर** हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राज्य स्तरीय मानसून पूर्व मॉक ड्रिल में अधिकारियों को प्रभावी आपदा प्रबंधन के निर्देश दिए। सीएम ने वर्चुअल के माध्यम से कहा कि उत्तराखंड जैसे संवेदनशील राज्य में आपदा प्रबंधन केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानसून के दौरान संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूर्व तैयारी, त्वरित निर्णय, बेहतर समन्वय तथा आधुनिक तकनीकों का समुचित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। सीएम ने कहा कि राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन तंत्र की क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था, संसाधनों की उपलब्धता तथा राहत एवं बचाव तंत्र की वास्तविक क्षमता का व्यापक परीक्षण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन को केवल राहत एवं बचाव तक सीमित न रखकर जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी तथा तकनीक आधारित प्रबंधन पर विशेष बल दिया जाए। मॉक अभ्यास के दौरान पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वन, सिंचाई, लोक निर्माण, विद्युत, पशुपालन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित सभी संबंधित विभागों के मध्य समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया एवं उपलब्ध संसाधनों की प्रभावशीलता का सफल परीक्षण किया गया। यहां पर एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी,एसडीएम ऋचा सिंह, सीएफओ ईशान कटारिया, सीईओ हरेन्द्र मिश्रा,अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, लोनिवि अनिल पांगती, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, डीपीआरओ अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल समेत अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल से जुड़े थे।

## समाजसेवी नरेश शर्मा की माता का निधन,शोक जताया

रुद्रपुर। मृत्यु के उपरांत भी सत्या शर्मा की आंखे दो लोगों के जीवन का अंधेरा



दूर कर गई। अब वह भी आम जनों की तरह संसार के साथ ही अपने अपनों को देख सकेंगे। श्री रामलीला कमेटी के कोआर्डिनेटर आवास विकास निवासी समाजसेवी नरेश शर्मा की मां सत्या शर्मा का 95 वर्ष की आयु में गुरुवार शाम निधन हो गया।

उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्री राम लीला कमेटी, श्री राम नाटक क्लब रुद्रपुर और सर्व समाज ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। सीआर मित्तल आई रिट्राइवल सेंटर की टीम ने आंखे सुरक्षित रखने की कार्रवाई की गई। उधर उनके आवास पर विधायक किच्छा तिलक राज बेहड़, विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, गिरीश साहनी, श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, समाजसेवी सुशील गाबा आदि दिवंगत आत्मा की शांति को भगवान से प्रार्थना की।

# फिल्मी दुनिया

## रवीना ने बॉलीवुड में अभिनेत्रियों की घटती भूमिका का उठाया मुद्दा



*बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन इन दिनों वेलकम 3 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों में अभिनेत्रियों के किरदारों को लेकर अपनी राय पेश की है।*

*रवीना टंडन की फिल्म वेलकम टू द जंगल इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर लगातार कमाई कर रही है। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है। इसी बीच रवीना ने बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों में हीरोइनों की भूमिकाओं को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। रवीना टंडन ने 90 के दशक में अंदाज अपना अपना और दूल्हे राजा जैसी कई शानदार कॉमेडी फिल्मों में काम किया था। पीटीआई से बातचीत के दौरान, रवीना ने कहा कि उस दौर में अभिनेत्रियों को खुलकर कॉमेडी करने का मौका मिलता था। आजकल की कॉमेडी फिल्में बहुत ज्यादा बंधी-बंधाई होती हैं या फिर उनमें बहुत सारे कलाकार होते हैं। इस वजह से हीरोइनों के हिस्से में मजेदार और हंसाने वाले सीन बहुत कम आते हैं। रवीना ने मिस्टर इंडिया और चालबाज जैसी फिल्मों से साबित किया कि एक खूबसूरत हीरोइन भी बेहतरीन कॉमेडी और हाव-भाव से लोगों को हंसा सकती है। इसके साथ ही रवीना ने जूही चावला की कॉमिक टाइमिंग और गीता बाली और मधुबाला जैसी पुरानी अभिनेत्रियों के मजाकिया अंदाज की भी तारीफ की।*

### रवीना का सुझाव

*रवीना ने कहा, आजकल की अभिनेत्रियां बहुत टैलेंटेड हैं, लेकिन फिल्मों की स्क्रिप्ट उन्हें सिर्फ सुंदर दिखने तक सीमित कर देती है। हमें ऐसे लेखकों की जरूरत है, जो महिलाओं के लिए मजेदार और हंसाने वाले किरदार लिखें, बिना यह सोचे कि उन्हें हर वक्त परफेक्ट दिखना है। रवीना टंडन हाल ही में रिलीज हुई फिल्म वेलकम टू द जंगल से नजर आ रही हैं।*

## विकास खंड भीमताल में वीबी-ग्राम जी योजना का हुआ शुभारंभ

**नैनीताल** हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के विकास खंड भीमताल के सभागार में बीरवार को वीबी-ग्राम-जी योजना के आधिकारिक शुभारंभ के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन का सजीव प्रसारण बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे ने सामूहिक रूप से जनप्रतिनिधियों विभागीय अधिकारियों के साथ देखा। कार्यक्रम में विकास खंड प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, मुखय विकास अधिकारी नैनीताल अरविन्द कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, खंड विकास अधिकारी भीमताल हर्षित गर्ग सहित विकास खंड के समस्त ग्राम प्रधान लक्ष्मण गंगोला, राधा कुल्याल, जया बोहरा, प्रदीप कुमार, मुकेश पलड़िया, लता आर्य, ममता दुमका, खष्टी राघव, नवीन चंद्र, नवीन पलड़िया तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित आर्य व मोहित कुमार एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## News कॉर्नर

### राजस्थान का पर्यटक नैना पींक ट्रेकिंग में गंभीर

नैनीताल । नैनीताल में नैना पीक ट्रेकिंग के दौरान एक पर्यटक हादसे का शिकार हो गया। बता दें नागौर (राजस्थान) निवासी 20 वर्षीय प्रदीप अपने चार साथियों के साथ नैना पीक की ट्रेकिंग पर निकला था। इसी दौरान रास्ते में उसका पैर फि सल गया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अन्य साथियों द्वारा 112 पर सूचना दी गई मौके पर पहुंची मल्लीताल पुलिस तथा वन विभाग की संयुकत टीम ने युवक को तत्काल उपचार के लिए राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. शाहिल कुमार ने बताया कि प्रदीप के पैर में फ्रैक्चर भी पाया गया है तथा चोट गहरी होने के कारण टांके लगाने लगे हैं। फिलहाल घायल प्रदीप का उपचार किया जा रहा है। डा.कुमार के मुताबिक बरसात में फिसलन बढ़ जाने के कारण ट्रेकिंग के दौरान विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

### पुलिस कर्मी से मारपीट मामले में दो हिरासत में

नैनीताल । नगर के तल्लीताल कोतवाली क्षेत्र में यातायात ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट और सरकारी वर्दी फाड़ने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दो और आरोपियों को हिरासत में लिया है। अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है।
बता दें एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिसकर्मी की तहरीर पर कुबेर जीना, हर्षित जीना, कौशल जीना, मनीष खाती व हिमांशु बिष्ट समेत 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पहले कौशल जीना, मनीष खाती और हर्षित जीना को हिरासत में लिया गया था। अब पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए दोगड़ा निवासी निखिल चमियाल व राहुल रमोला को हिरासत में लिया है। इस प्रकार मामले में अब तक कुल पांच आरोपी हिरासत में लिए जा चुके हैं ।

# ब्लॉक प्रमुख डॉ. बिष्ट ने किया बलियानाला का स्थलीय निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भीमताल विकास खंड के बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बीरवार को विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रधानों एवं स्थानीय जनता के साथ नैनीताल के अतिसंवेदनशील कहे जाने वाले बलियानाला का स्थलीय निरीक्षण किया।



इस दौरान डा.बिष्ट ने बलियानाले पर हो रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारी से कहा कि बलियानाले के ऊपरी स्थल पर स्थित हरीनगर की पहाड़ी को सुरक्षित करने के लिए करीब 350 करोड़ से अधिक का निर्माण एवं ट्रीटमेंट कार्य किया जा रहा है लेकिन डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक बलिया नाले की जड़ों पर किसी भी प्रकार का सुरक्षात्मक कार्य नहीं किया गया है। कहा कि निरन्तर बलियानाले पहाड़ी की गहरी और कमजोर होते जा रही जिससे भविष्य में बड़ा भूस्खलन होने का प्रबल खतरा हो सकता है। इसके बाद बलाक प्रमुख डा. बिष्ट ने बलियानाले पर हो रहे अतिक्रमण तथा अवैध खनन के कारण ग्रामीण क्षेत्र हो खतरे से को बेहद गंभीरता से लिया।

इस दौरान मौके पर मौजूद तहसीलदार अंशुल भट्ट को अवगत कराया तहसीलदार अंशुल भट्ट ने वन विभाग से आवश्यक जांच कर कारवाही करने के आदेश दिये। ग्राम प्रधान हरगोविंद सिंह रावत ने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा मानक के अनुरुप कार्य नहीं कराया जा रहा है, मलवे के लिये डंपिंग जोन नहीं बनाया गया है वहीं पिछले कुछ समय से सारा मालवा पानी में बहकर नीचे के एक दर्जन से अधिक गांवों के खेतों को नष्ट कर रहा है व गाद और बजरी आने से खेतों बोई जाने वाली फसल चौपट हो रही है जिससे गावों में रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस बारे में अवर अभियंता गायत्री तिवारी ने कहा कि उक्त समस्या के लिये वह उच्चअधिकारियों संपर्क कर शीघ्र निदान करेंगी।

इस दौरान वन विभाग के रेंजर नितिन पन्त समेत राजेन्द्र करायत,मनप्रीत सिंह, सुरेश जोशी, शिव सिंह के अलावा बेलुवाखान प्रधान डा .बबीता मनराल, गेठिया प्रधान रिंकु देवी, ज्योलीकोट प्रधान नवल कुमार, हेड़ाखान प्रधान नवीन पलेड़िया, रोसिल प्रधान ललित सिंह, ज्योली प्रधान शेखर भट्ट, सरियाताल प्रधान हरगोविन्द रावत समेत राजेंद्र मनराल,रवि बोरा, अजय कुमार, बहादुर सिंह, दीवान सिंह, दीपक पलडिया, कुंदन फ र्त्याली, कैलाश जोशी, शोभा पाण्डे सहित भारी संखया में महिलाएं मौजूद थी। इस बीच बलॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने गेठिया की प्रधान रिंकू देवी को बकरखोड़ गांव के लिए पांच लाख रुपए राशि का पुल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# एक ही दिन तीन आत्मघाती घटनाओं से सनसनी, छात्रा समेत तीन की मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के हल्द्वानी और भवाली क्षेत्र से आत्महत्या के तीन बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाले मामले सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अलग-अलग घटनाओं में एक 12वीं की छात्रा समेत तीन लोगों की मौत हो गई। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने मानसिक तनाव और सामाजिक दबाव जैसे गंभीर मुद्दों पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस तीनों मामलों की गहन जांच में जुटी हुई है।

**पहली घटना** काठगोदाम थाना क्षेत्र के दमुवादूंगा की है, जहां जवाहर ज्योति निवासी 18 वर्षीय रिया आर्या ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रिया 12वीं कक्षा की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि देर रात अज्ञात कारणों के चलते उसने यह खौफनाक कदम उठाया। घटना की



वास्तविक वजह अभी तक सामने नहीं आ सकी है। दमुवादूंगा चौकी प्रभारी कुमकुम धानिक के अनुसार, परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए छात्रा को फंदे से उतारकर तत्काल डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। अस्पताल प्रशासन से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। काठगोदाम एसएचओ जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**दूसरी घटना** भवाली क्षेत्र से सामने आई, जहां साईंतोली निवासी 54 वर्षीय चंद्रकांत (पुत्र बालीराम) ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

**तीसरी घटना** मुखानी कोतवाली क्षेत्र की शिवपुरी कॉलोनी की है, जहां 33 वर्षीय आशुतोष अग्रवाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ गटक लिया। गंभीर हालत में उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी।

एक ही दिन में सामने आई इन तीन आत्मघाती घटनाओं ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल तीनों मामलों में आत्महत्या के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

# स्मार्ट मीटर पर बवाल, विरोध के बीच टूटा मीटर, कर्मचारियों से अभद्रता का वीडियो वायरल

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। शहर के अलग-अलग इलाकों से आए दिन विरोध, हंगामे और मारपीट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाने पहुंच रही टीम कई स्थानों पर दबाव बनाकर काम कर रही है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं पुलिस-प्रशासन पर भी निष्क्रियता के आरोप लग रहे हैं।

ताजा मामला गुरुनानकपुरा क्षेत्र का है, जहां स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों का स्थानीय लोगों ने जोरदार विरोध किया। विरोध इतना बढ़ गया कि गुस्साए लोगों ने मौके पर एक स्मार्ट मीटर ही तोड़ डाला। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर अभद्रता, धक्का-मुक्की और गाली-गलौज भी की गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही विभाग की टीम मीटर लगाने पहुंची, स्थानीय लोग एकत्र हो गए और स्मार्ट मीटर लगाने पर आपत्ति जताने लगे। देखते ही देखते बहस तेज हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां बिजली बिल पहले की तुलना में अधिक आ रहा है।

इसी आशंका के चलते कई उपभोक्ता अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगवाने से साफ इनकार कर रहे हैं। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग विद्युत विभाग की टीम के साथ तीखी बहस और हंगामा करते नजर आ रहे हैं। हालांकि मामले में अभी तक विद्युत विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वायरल वीडियो के बाद शहरभर में स्मार्ट मीटर को लेकर बहस और तेज हो गई है।

# ओम प्रकाश को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

धारी
हमारे संवाददाता

धारी के ग्राम अचरिया निवासी ओम प्रकाश को न्याय दिलाने की मांग को लेकर गुरुवार को धारी तहसील परिसर में सामाजिक संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने धरना-प्रदर्शन किया। जिसके बाद उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित को मुआवजा तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई, सुरक्षा तथा वैकल्पिक रोजगार मुहैया कराने की मांग की गई। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि ओम प्रकाश धानाचुली क्षेत्र में सड़क किनारे फल, चाय और अन्य सामान बेचकर परिवार का पालन.पोषण करता था । उनकी झोपड़ी में आग लगाए जाने से आजीविका पूरी तरह समाप्त हो गई। आरोप है कि उन्हें पहले भी कई बार स्थान बदलने के लिए मजबूर किया गया और झोपड़ी जलाने की धमकी दी गई थी। पहली घटना के बाद थाना मुक्तेश्वर में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद उसी दिन दोबारा आग लगाकर शेष सामान भी नष्ट कर दिया गया। धरने में वक्ताओं ने कहा कि किसी गरीब व्यक्ति को उसकी आजीविका से वंचित करना सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि यदि क्षेत्र में अन्य लोग भी पंचायत भूमि पर व्यवसाय या निवास कर रहे हैं तो सभी के लिए समान नियम लागू होने चाहिए। संवैधानिक अधिकार संघर्ष समिति के संयोजक मुकेश चन्द्र बौद्ध ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो थाना मुक्तेश्वर का घेराव और जिलाधिकारी कार्यालय पर शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा। इस दौरान दीपक चन्याल, ग्राम प्रधान रेखा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रेखा देवी, वन पंचायत सरपंच संजय कुमार, वन पंचायत सदस्य अजय कुमार, भुवन हरिया, वीरेंद्र ग्राम प्रधान बरमधार, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।



### सरकारी विकास योजनाओं से ग्रामीण हुए रूबरू

नैनीताल । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधानसभा के बेतालघाट के गजार गांव में बैठक में कर लोगों को भाजपा सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में डा.आर्य ने लोगों से केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की गुजारिश की।

# भवाली सेनिटोरियम की विशेषज्ञ चिकित्सक के ट्रांसफर पर रोष

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष व पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट ने प्रदेश सरकार की ओर से भवाली स्थित सेनिटोरियम की विशेषज्ञ चिकित्सक डा.शशिबाला का स्थान्तरण बागेश्वर किए जाने पर रोष जताया है।

बिष्ट के मुताबिक लगभग 55 भर्ती टीबी मरीजों वाले भवाली सेनिटोरियम अस्पताल में एक वरिष्ठ चिकित्सक का स्थानांतरण करना सरकार का तुगलकी फ रमान है जो सरकार की शून्य नागरिक संवेदना को दर्शाता है। इसके अलावा भी चेस्ट, प्लूरल टैपिंग, ब्रोंकोस्कोपी संबंधी गंभीर बीमारियों की विशेषज्ञ डॉ0 शशिबाला का स्थानांतरण हास्यप्रद और संवेदनहीन कदम है। कहा कि इन बीमारियों से ग्रस्त ओपीडी मरीज भी अस्पताल में आते हैं। सरकार की ऐसी लापरवाही और उदासीनता से क्षेत्र के मरीज का हलकान होना तय है परन्तु सरकार कोई सुध लेने को तैयार नहीं। उन्होंने सरकार से अपील की है वह जनहित में डॉ0 शशिबाला का स्थानांतरण रोके। कहा कि यदि सरकार ने अड़ियल रवैया नहीं छोड़ा तो जल्द ही व्यापक जन आन्दोलन छेड़ा जाएगा।

# भीमताल में हरेला मेला धूमधाम से मनाने के लिया फैसला

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड की लोक संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण एवं पारंपरिक विरासत के प्रतीक हरेला मेले का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भीमताल में आगामी 16 जुलाई (बीरवार) से भव्य एवं हर्षोल्लास पूर्वक किया जाएगा। मेले की पूर्व तैयारियों की समीक्षा तथा आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्यतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से बीरवार को विकास भवन सभागार भीमताल में सूबे के कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई।

बैठक में तय किया गया कि मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम विभागों के स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगेगी। मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों, खादी ग्रामोद्योग, स्थानीय शिल्प व




जैविक उत्पादों एवं उद्यान विभाग के स्टॉल प्रमुख आकर्षण होंगे। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। पुलिस एवं प्रशासन को मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, महिला सुरक्षा तथा सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पर्याप्त पार्किंग स्थल चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मेले के दौरान स्वच्छता एवं पेयजल,स्वास्थ्य सुविधा तथा पौधारोपण अभियान आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री श्री कैड़ा ने कहा कि हरेला मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जिममेदारी का उत्सव है। सभी विभाग आपसी समन्वय से सभी तैयारियां 10 जुलाई तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भीमताल सीमा टमटा, मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे, उपजिलाधिकारी/ मेलाधिकारी नवाजिश खालिक, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमल जोशी,जिला मंत्री मनोज भट्ट, प्रदीप पाठक, योगेश तिवारी, पंकज जोशी,अनिल चनोतिया, गोपाल कृष्ण भट्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।